

# जल संरक्षण के लिए जन जागरुकता आवश्यक : सांकेत

## समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश




नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जल संचय जन भागीदारी अभियान अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता आवश्यक है। अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल पर संचालित गतिविधियों को अपलोड किया जाए। ये निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर बृजविहारी लाल श्रीवास्तव, आरबी सिण्डोस्कर, सोनम जैन, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री मालवीय ने निर्देश दिए कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संबंधित विभागों द्वारा जल संचयन, तालाब गहरीकरण एवं कुंआ, बावडी के संरक्षण, जल स्त्रोतों की पुनर्जीवन तथा जन भागीदारी आधारित गतिविधियों के कार्य समय सीमा में पूर्ण कराकर पोर्टल पर एंट्री कराई जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभागबार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। विभागों में 100 दिवस एवं 50 दिवस से अधिक शिकायतों का निराकरण अविलंब करें। शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यात्मक होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन सीएम हेल्पलाईन पोर्टल की समीक्षा की जाएं। साथ ही नई प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करें। वहीं बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले में चल रहे गेंहू उर्पाजन कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप जिले में गेंहू उर्पाजन कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से हो यह सुनिश्चित किया जाएं। उर्पार्जित गेंहू का उचित भण्डारण, परिवहन तथा भुगतान समय पर हो सके ऐसी व्यवस्था बनाई जाएं।

**मानसून से पूर्व क्षतिग्रस्त भवनों की हो मरम्मत :**

बैठक कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले ऐसे जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवन जिनका चिन्हांकन किया गया है। संबंधित विभागों द्वारा मानसून के पूर्व जर्जर भवनों को गिराने की कार्यवाही की जाएं। साथ ही क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्म्त का कार्य समय पर कराया जाएं। साथ ही बैठक में कलेक्टर ने आगामी मानसून की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आपदा प्रबंधन समिति की बैठके आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया। वहीं वर्षाकाल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से बनाई रखी जाएं। जिससे बाढ़ आने पर राहत एवं बचाव कार्य में परेशानी न हो।

**जनगणना के प्रथम चरण का कार्य संपन्न होने पर दीं शुभकामनाएं :**

बैठक में कलेक्टर मालवीय ने जनगणना 2027 के प्रथण चरण मकान सूचीकरण का कार्य सफतापूर्वक संपन्नी होने पर इस कार्य में संलग्न प्रगणकों, चार्ज अधिकारियों एवं मास्टर ट्रनर्स को शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने सभी को प्रमाण पत्र दिये जाने की बात कही। बैठक में ठोस अपशिष्ठ पर प्रबंधन, विस्फोटक अधिनियम के अनुपालन में कार्यवाही, विभागों में समितियों का गठन, फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में समीक्षा कर निर्देश दिए।



# नपाध्यक्ष ने किया निर्माणाधीन पानी की टंकियों का निरीक्षण

**समय सीमा में काम पूरा करने के दिए निर्देश**

**टंकी बनने से क्षेत्र में पानी की समस्या होगी दूर**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ नगर पालिका प्रशासन अमृत 2.0 योजना को धरातल पर उतारने में जुटा है। योजना के अंतर्गत शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में नई पानी की टंकियों का निर्माण कार्य जारी है। इसी के चलते सोमवार को नपाध्यक्ष नीरज मानोरिया ने शिव टोरिया स्थित निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण करते हुए टंकी निर्माण की जानकारी ली। साथ ही सबंधित ठेकेदार को समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा किये जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान नपाध्यक्ष श्री मानोरिया ने बताया कि अमृत 2.0 के तहत शहर के शिव टोरिया, ऊर्जा कॉलोनी, त्रिलोकपुरी कॉलोनी, नवीन बस स्टैंड के पास और ईदगाह के पास पानी की टंकियों का निर्माण किया जा रहा है। इन टंकियों के निर्माण से शहर के वार्डों में पानी की किल्लत दूर और पर्याप्त मात्रा में प्रेशर के साथ पानी सप्लाई हो सकेगा।

**गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर :**

नपाध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान शिव टोरिया में चल रहे कार्य की सराहना करते हुए बताया कि वर्तमान में यहां टंकी की छत डालने (स्लैब कास्टिंग) का कार्य प्रगति पर है। श्री मनोरिया ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन टंकियों का कार्य निर्धारित मानक और गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरा किया जाए।

## एक नजर में




### जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतो की फोटो युक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2026 का कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक सोमवार को कलेक्टर कान्फ्रेंस कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मालवीय द्वारा नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण वर्ष 2026 के कार्यक्रम के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 मई को किया गया। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में दावे,आपत्तियों 25 मई अपरान्ह 03 बजे तक प्राप्त की जाएंगी। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची का सेट प्रदाय किया गया। बैठक में बताया गया कि एक जनवरी 2026 की संदर्भ तिथि के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 15 मई 2026 को जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर कर दिया गया है। प्रारूप प्रकाशन के साथ ही दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, जो 25 मई 2026 तक जारी रहेगी। निराकरण 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके पश्चात फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून 2026 को किया जाएगा।

### नगर में आज आयोजित होगा ज्योतिष महाकुंभ

**अशोकनगर।** नगर में कल एक भव्य ज्योतिष महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य एवं विद्वान एक मंच पर उपस्थित होकर ज्योतिष, ग्रह-नक्षत्र, जीवन की समस्याओं एवं उनके समाधान पर अपने विचार साझा करेंगे। यह आयोजन गौशाला स्थित मानस भवन में मंगलवार शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति द्वारा बताया गया है कि कार्यक्रम में ज्योतिष से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा, परामर्श एवं जनजागरण किया जाएगा। साथ ही निशुल्क ज्योतिष परामर्श हेतु रजिस्ट्रेशन भी किए जाएंगे, जिससे आमजन अपनी समस्याओं के समाधान हेतु विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। इस आयोजन में उमंग तनेजा ख्यातिलब्ध ज्योतिषाचार्य वर्चुअल माध्यम से अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम से जुड़ेंगे। साथ ही प्रसिद्ध ज्योतिषविद् सविता नंदन शर्मा , दीपक शास्त्री एवं विकास थरेजा भी उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं एवं जिज्ञासुओं को ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। आयोजक यशलोक चौधरी एवं नीरज सोनी ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ज्ञानवर्धक आयोजन का लाभ लेने की अपील की है।

### भोपाल से नाबालिग को किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस द्वारा गुमशुदा एवं अपहृत बालक/बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कचनार पुलिस द्वारा एक नाबालिग बालिका को भोपाल से 48 घंटे में दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है।

दरअसल थाना कचनार में 15 मई को फरियादिया द्वारा अपनी 15 वर्षीय पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को थाना प्रभारी कचनार को टीम गठित कर नाबालिग की शीघ्र दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों एवं मजबूत मुखबिर तंत्र की सहायता से त्वरित कार्यवाही करते अपहृता को चूना भट्टी क्षेत्र भोपाल से आरोपी अनस बाल्मीक पुत्र संतोष बाल्मीक निवासी चूना भट्टी भोपाल के कब्जे से सुरक्षित दस्तयाब किया गया। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं का इजाफा कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग की टोली की बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी जिला प्रशिक्षण वर्ग- 2026 की प्रशिक्षण वर्ग टोली की बैठक रविवार को थूवोन जी में संपन्न हुई। जिसमें प्रशिक्षण प्रभारी राधे श्याम पारिक जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, पप्पू राती खेड़ा पिछला मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी, जिला मंत्री दीपक शर्मा सहित टोली के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान प्रशिक्षण के विषय को लेकर चर्चा की गई। साथी समय पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण किए जाने की बात की गई।

# शाढ़ौरा नपाध्यक्ष के खिलाफ पार्षदों ने खोला मोर्चा

## कहा घोटालों पर पर्दा डालने के लिए अब गिरराज जी परिक्रमा सहित कर रहे पिंडदान




नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** राजनीति में जब नेता अपनी जिम्मेदारियों में पूरी तरह नाकाम हो जाता है और उसके काले कारनामों की फाइलें खुलने लगती हैं, तो वह अक्सर भगवान और धर्म की शरण में जाकर विक्टिम कार्ड खेलने लगता है। शाढ़ौरा नगर परिषद के अध्यक्ष अशोक माहौर इन दिनों ठीक इसी ढोंग और पाखंड के रास्ते पर चल रहे हैं। कभी गोवर्धन जाकर गिरराज जी की परिक्रमा लगाना, तो कभी पवित्र नर्मदा जी के आंचल में खड़े होकर खुद का ही पिंडदान और तर्पण कर देना यह कोई धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि शुद्ध रूप से प्रशासनिक कार्रवाई से बचने और जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए किया जा रहा धार्मिक स्वांग है।

वार्ड पार्षदों और शाढ़ौरा के प्रबुद्ध नागरिकों ने अध्यक्ष के इन कारनामों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि जो शख्स अखण्ड भ्रष्टाचार में डूबा हो, उसे धर्म का ऐसा तमाशा बनाने की इजाजत कतई नहीं दी जा सकती।

**गिरराज जी की परिक्रमा से नहीं धुलेंगे भ्रष्टाचार के दाग :**

पार्षदों का सीधा आरोप है कि अध्यक्ष कभी पर्ची लेकर पार्षदों और उनके परिजनों पर झूठी FIR कराने की धमकी देते हैं, तो कभी खुदकुशी का नाटक करते हैं। जब इन सब नौटंकियों से भी बात नहीं बनी और 15 मई को सीएमओ के लिखित आदेश ने उनकी मनमानी पर कानूनी शिकंजा कस दिया, तो वे गिरराज जी की पैदल परिक्रमा करने निकल गए।

**जीते जी खुद का पिंडदान–आस्था का अपमान या ब्लैकमेलिंग का नया टूल:**

सनातन धर्म में पिंडदान और तर्पण पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए अत्यंत पवित्र और गंभीर धार्मिक कृत्य माने जाते हैं। लेकिन अध्यक्ष अशोक माहौर ने अपनी कुर्सी और अपने कथित घोटालों को बचाने के लिए पवित्र नर्मदा नदी के घाट पर जीते जी खुद का ही पिंडदान और तर्पण कर डाला। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह केवल अधिकारियों को डराने, उन पर मानसिक दबाव बनाने और खुद को शहीद दिखाने की एक घटिया और नौटंकीबाज कोशिश है। जब परिषद में विकास के नाम पर चहेतों को उपकृत करने, भाई-भतीजावाद फैलाने और लाखों रुपए का डीजल डकार जाने के मामलों पर सीएमओ और इंजीनियर ने कड़ाई से लिखित रिकॉर्ड मांगना शुरू किया, तो अध्यक्ष महोदय जांच से ध्यान भटकाने के लिए इन पवित्र धार्मिक परंपराओं का मखौल उड़ाने पर आमादा हो गए।

वार्ड 06 के पार्षद प्रतिनिधि नीतू शर्मा ने तीखा तंज कसते हुए कहा—अध्यक्ष जी, गिरराज जी की परिक्रमा लगाने से आपके मन को शांति मिल सकती है, लेकिन जनता के हक का जो पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा है, उसका पाप नहीं धुलेगा। अगर परिक्रमा ही लगानी थी, तो शाढ़ौरा के उन बदहाल वार्डों की लगाते जहां जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है!

**जब पाप का घड़ा भरा, तो याद आए भगवान :**

शाढ़ौरा की जनता अब सोशल मीडिया पर अध्यक्ष के इन धार्मिक वीडियो को देखकर कई प्रकार की बाते कर रहीं है। नगर के प्रबुद्ध जनों का कहना है कि जब तक अध्यक्ष महोदय अपनी तानाशाही चला रहे थे, तब तक उन्हें न तो पार्षदों से तालमेल बिठाने की सुध थी अब भ्रष्टाचार का घड़ा फूटने की कगार पर है, तो वे कभी परिक्रमा तो कभी मुंडन का ढोंग रच रहे हैं।

**नौटंकी बंद करिए अध्यक्ष जी, सीधे हिसाब दीजिए :**

वार्ड 07 के पार्षद राकेश रघुवंशी ने अध्यक्ष को दोटूक चेतावनी दी है कि वे धर्म के पीछे छिपकर अपने गुनाह नहीं छुपा सकते। जनता अब इस धार्मिक ब्लैकमेलिंग को पूरी तरह समझ चुकी है। यदि अध्यक्ष वाकई पाक-साफ हैं, तो वे खुद का पिंडदान करने के बजाय, परिषद के खर्चों और डीजल के बिलों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखें। शाढ़ौरा को अब अध्यक्ष के नाटकों की नहीं, बल्कि रुके हुए विकास कार्यों की जरूरत है।

**इनका कहना है।**

*अध्यक्ष जी का पूरा सम्मान किया जाता है, अध्यक्ष जी द्वारा लगाये जा रहे आरोप निराधार है मैंने समस्त कर्मचारियों को भी पूर्व मे लिखित आदेश जारी किया गया है जिसमे अध्यक्ष जी द्वारा बताये गए कार्यों का लेखा जोखा रखने के निर्देश दिए, है जिससे भविष्य मे ऐसी स्तिथिया न बने।*

**शमशाद पठान,**
**सीएमओ नगर परिषद् शाढौरा**

*अध्यक्ष जी शहर के प्रथम नागरिक है, हम उनके बताये कामों को प्राथमिकता देते है और हमारे कार्यकाल में आपसी समन्वय बनाकर कई निर्माण कार्य संपन्न भी कराये है।*

**आजाद जैन, उपयंत्री**



# सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट का विस्तार, उपाध्यक्ष बने ओपी

**सामाजिक कुरीतियों पर हुई चर्चा**

**आगामी कार्यक्रमों को लेकर की गई तैयारी**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट की बैठक सोमवार को आयोजित की गई, जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी द्वारा सामाजिक कुरीतियों पर चिंतन व्यक्त किया गया एवं ट्रस्ट की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए ओमप्रकाश शर्मा (ओपी शर्मा को उपाध्यक्ष, बाबूलाल शर्मा कन्हारी को सह सचिव और आनंद शर्मा बड़ागांव को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री चौधरी द्वारा युवा टीम का विस्तार करने एवं आगामी 31 मई बैठक बुलाने की बात कहीं। वहीं आमंत्रित सदस्यों को सम्मानित करने एवं आमंत्रित सदस्यों को बढ़ाने और समाज सेवियों को सक्रिय करने एवं सामाजिक बुराई कुरीतियां को रोकने, समाज सुधार के विषय पर चिंतन करने हेतु एवं विगत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने हेतु विप्र सम्मेलन का आयोजन किया जाना है इस हेतु आगामी 24 मई को 4 बजे सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में बैठक रखी गई है। इसके अलावा ट्रस्ट कार्यकारिणी के विस्तार मासिक मिलन का आयोजन माह के प्रथम रविवार को शाम 8 बजे परशुराम मंदिर में किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में दीपक मिश्रा, राजेश शर्मा, आरपी उपाध्याय , हरिओम शर्मा, बंधु चतुर्वेदी, शिवाकांत शर्मा, रमेश खोपरा, शशिकांत भार्गव, संजीव वीरू बोहरे, बलराम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नारद जयंती पर संगोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नारद जयंती के अवसर पर प्रचार विभाग अशोकनगर द्वारा स्वर्गीय नाथूलाल मंत्री जन कल्याण न्यास के तत्वावधान में एक संगोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ प्रबुद्ध जन शिरोमणि दुबे उपस्थित रहे। वहीं मंच पर उनके साथ महेश रघुवंशी एवं स्वर्गीय नाथूलाल मंत्री जन कल्याण न्यास के उपाध्यक्ष अरविंद रघुवंशी विशेष रूप से मंचासीन रहे।

**नारद जी ब्रह्मांड के आदि पत्रकार:**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिरोमणि दुब ने कहा कि ब्रह्मा जी के मानस पुत्र देवर्षि नारद इस ब्रह्मांड के आदि पत्रकार हैं। उन्होंने नारद जी के जीवन से जुड़े विभिन्न दृष्टांतों के माध्यम से समाज में पत्रकारों की महती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पत्रकार समाज को सूचना देने, शिक्षित करने और सकारात्मक मनोरंजन प्रदान करने का पवित्र कार्य करते हैं। देवर्षि नारद ने भी तीनों लोकों में संवाद सूत्र के रूप में यही लोक कल्याणकारी कार्य किया था।

**कथाओं के माध्यम से रेखांकित की पत्रकार की भूमिका:**

श्री दुबे ने कहा कि नारद जी का संवाद सदैव समाज को दिशा देने वाला रहा। उन्होंने बालक ध्रुव की कहानी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे नारद जी के मार्गदर्शन ने ध्रुव को ईश्वर प्राप्ति की राह दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने नारद जी को अहंकार आने पर श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच हुए संवाद का प्रसंग सुनाया, जिससे यह सीख मिलती है।

**आयोजन**

## मुनिश्री ने धर्मसभा को किया संबोधित

# ध्वजारोहण के साथ वेदी प्रतिष्ठा विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव प्रारंभ



नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** जिला मुख्यालय से पैंतीस किलोमीटर दूर बंगला चौराहे पर नवनिर्मित विशाल भव्य जिनालय की प्रतिष्ठा सोमवार को परम पूज्य निर्यापक श्रमण राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया के निर्देशन में ध्वजा रोहण के साथ प्रारंभ हो गई, जहां सर्व प्रथम आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के चित्र के समक्ष अज्ञान तिमिर का नाश करने वाली ज्ञान की ज्योति प्रज्जवलित की गई। इसके साथ ही सकली करण, इन्द्र प्रतिष्ठा, पादशुध्दि दृव्य, शुद्धि करते हुए वाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया ने कहा कि मन्दिर जीवन में एकद बार ही बन पाते हैं आप सब भाग्यशाली हैं कि शिखर बंद मन्दिर की प्रतिष्ठा के संस्कार करने जा रहे हैं आज कुछ ऐसा संकल्प लें जो आपके जीवन को प्रतिष्ठित कर दे।

**विश्व शांति महायज्ञ के साथ होगा कलशा रोहण :**

मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि मंगलवार को परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में भगवान दिव्य आसन पर बहद् मंत्रोच्चार के साथ विराजमान होंगे। इसके साथ प्रभु विराजमान करने की सम्पूर्ण विधि होग, साथ सुरेन्द्र मंत्रों णमोकार महामंत्र जाप अनुष्ठान के साथ ही बहद मंत्रोच्चार के साथ विश्व शांति महायज्ञ के साथ कलशारोहण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

**अपनी जेब में एक नहीं दो रुमाल रखें जो दूसरों के आंसू पोंछ सकें :**

इस दौरान सभा को सम्बोधित राष्ट्रसंत मुनि पुंगवश्री सुधासागर महाराज ने कहा कि अपनी जेब में दो रुमाल रखें, अपने साथ ही अन्य किसी अनजान व्यक्ति के आंसू पोंछने के काम आ सकें, अपने आंसू तो दुनिया पोछ रहीं, हम दूसरों के काम आ सके हमें दूसरों के संकट दिखाई दे, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र जब वनवास में जानकी माता की खोज में अनजान डगर पर चल रहे थे तब भी उन्हें दुखीयो की आवाज आ रही थी। मैं हमेशा कहता हूं कि हमारे महापुरुषो के जीवन को देखें उनके चरित्र को सिर्फ पड़ना नहीं उसे अपने जीवन में अनुशरण करना है हम अपनी दैनिक आवश्यकता की पूर्ति करते हुए किसी गरीब के आंसू पोंछ सके, भले एक ही व्यक्ति क्यों ना हम सैकड़ों की मदद को छोड़ कर जो सामने है उसके लिए अपने हृदय में दया को जागृत कर। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संसार में संकट किस पर नहीं आता संकटों ने महा पुरुषो को नहीं छोड़ा हम कहा लगते हैं। संकट आया है तो ये निश्चित मानना वह बहुत जल्दी जायेगा, आप अपना धैर्य बनाये रखना और इस मंत्र को याद रखना दु:ख जाते ही सुख अवश्य आयेगा, इसके पहले भगवान का अभिषेक किया गया, साथ ही जगत कल्याण की कामना करते हुए महा शान्ति धारा की गई।